राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की

जयपुर, 11 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार प्रातः वाराणसी पहुंचे। राज्यपाल श्री मिश्र के वाराणसी पहुंचने पर जिला कलक्टर श्री कौशल राज शर्मा और पुलिस आयुक्त श्री ए. सतीश गणेश ने उनकी अगवानी की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने जिला कलक्टर, पुलिस आयुक्त सहित प्रशासनिक अधिकारियों से स्थानीय सर्किट हाउस में मुलाकात कर वहां कोविड–19 संक्रमण की स्थिति, उससे निपटने के लिए किए गए उपायों तथा टीकाकरण अभियान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर को रोकने के लिए सावधानी एवं सतर्कता के साथ कोरोना प्रोटोकॉल की पालना और वेक्सिनेशन बहुत आवश्यक है। उन्होंने आह्वान किया कि लोग स्वयं तो वेक्सिनेशन करवाएं ही, साथ में एक–दूसरे को इसके लिए प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि वेक्सिनेशन के बाद भी मास्क अनिवार्य रूप से पहनें, दो गज की दूरी बनाए रखें तथा स्वच्छता नियमों को अपनाते हुए कोविड प्रोटोकॉल की पूरी तरह से पालना करें, तभी कोरोना को हम हरा पाएंगे।

—